## खबर संक्षेप

### भूसा का अवैध परिवहन कर रहे तीन वाहन जब्त

**कटनी।** बहोरीबंद पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान अवैध रूप से जिले की सीमा से बाहर भूसा ले जा रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार सुबह जब थाना की टीम गस्त पर थी तभी बस स्टैंड की ओर से भूसे से लदे तीन वाहन आते दिखाई दिए। पुलिस ने स्लीमनाबाद तिराहे पर घेराबंदी कर इन वाहनों को रोका। जांच के दौरान निम्नलिखित वाहन पाए गए ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक MP 20 AB 3195, पिकअप क्रमांक MP 04 GB 6386 एवं ट्रैक्टर क्रमांक MP 20 AC 0472 से भूसा जबलपुर ले जाया जा रहा था। वाहनों के चालकों ने अपनी पहचान हरिओम पटेल पनागर, जबलपुर, सुशील गोटिया पनागर, जबलपुर और अभिषेक यादव बाकल के रूप में दी। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे गेहूं का भूसा अवैध रूप से जबलपुर ले जा रहे थे। उनके पास परिवहन से संबंधित न तो कोई वैध दस्तावेज थे और न ही जिला प्रशासन की अनुमति। कटनी कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जिले से बाहर पशु चारा (भूसा) ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस आदेश की अवहेलना करने पर पुलिस ने तीनों वाहन चालकों के विरुद्ध धारा 223 बीएनएस (BNS) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। तीनों वाहनों को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है।

### राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराने खोला प्याऊ

**स्लीमनाबाद।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद कटनी द्वारा चयनित नवांकुर संस्था संरचना समाज कल्याण समिति, सेक्टर रीठी ने प्रस्फुटन ग्राम हथकुरी में राहगीरों, पशु-पक्षियों के लिए प्याऊ का शुभारंभ कर मानवता और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट संदेश दिया है। भीषण गर्मी के इस दौर में जहां पानी की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बन जाती है, वहीं संस्था द्वारा खोला गया यह प्याऊ आमजन, मवेशियों और पक्षियों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजहित में एक प्रेरणादायक कदम बताया।उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पूरे प्रदेश में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कहीं दीवार लेखन के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा रही है, तो कहीं बोरी बंधान, भूमि पूजन और जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्याऊ की स्थापना कर जल के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। संरचना समाज कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है, ताकि भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। ग्रामीणों, नवांकुर सखियों एवं समिति के सदस्यों ने संकल्प लिया कि जल बचाने और पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देंगे।

### फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। एक जनवरी 2026 की संदर्भ तारीख के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण होगा। फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और जिला स्तरीय प्रशिक्षण 27 अप्रैल तक किया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 15 मई 2026 को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे- आपत्तियां 15 मई से 25 मई तक ली जाएंगी। प्राप्त दावे- आपत्तियों का निराकरण 30 मई तक किया जाएगा। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 18 जून 2026 को किया जाएगा।

## सडक़ पर यमराज को मात देने की तैयारी

# बिना हेलमेट दफ्तर घुसे तो खैर नहीं: कलेक्टर

**शहडोल। जिले की सडक़ों पर बेलगाम दौड़ती मौत और खून से सनी डामर की परतों को देख अब प्रशासन ने आर-पार की जंग छेड़ दी है। कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक महज कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि लापरवाहों के खिलाफ डेथ वारंट जैसी साबित हुई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने दो टूक लहजे में परिवहन और पुलिस विभाग को अल्टीमेटम दिया है कि सडक़ पर नियम टूटे तो रहम की उम्मीद छोड़ दें।**



### हेलमेट नहीं तो दफ्तर में नो एंट्री

कलेक्टर ने सबसे बड़ा प्रहार सरकारी तंत्र पर ही किया है। अब साहब हों या बाबू, अगर दोपहिया वाहन पर बिना हेलमेट दफ्तर पहुंचे, तो गेट से ही उल्टे पांव लौटना होगा। विभागीय प्रमुखों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने मातहतों के सिर की सुरक्षा सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने साफ कर दिया कि जो नियम जनता के लिए है, वही तंत्र के लिए भी है। अनुशासन की शुरुआत सरकारी दहलीज से ही होगी।

### हेलमेट है तो ही बिकेगी गाड़ी

अब शोरूम से नई गाड़ी निकाल कर हवा में लहराना आसान नहीं होगा। कलेक्टर ने आदेश दिया है कि दोपहिया वाहन के पंजीयन के समय हेलमेट की अनिवार्यता की सूक्ष्म जांच हो। शोरूम संचालकों को चेतावनी दी गई है कि वाहन बेचते समय हेलमेट देना उनकी जिम्मेदारी है, खैरात नहीं। अगर बिना हेलमेट गाड़ी सडक़ पर उतरी, तो गाज शोरूम मालिक पर भी गिर सकती है।

### ब्लैक स्पॉट पर होगा वार

हाईवे पर आवारा पशुओं के कारण हो रहे हादसों पर कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने साफ कहा कि मुख्य मार्गों से निराश्रित पशुओं को हटाकर तुरंत गौशालाओं में शिफ्ट किया जाए। इसके साथ ही, जिले के उन ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर ली गई है जहां अक्सर लाशें बिछती हैं। सोन नदी पुल (दियापीपर), केशवाही मोड़, श्रीवास्तव चौक और ब्यौहारी के खतरनाक पॉइंट्स पर रेडियम स्टिकर, स्टड और सांकेतिक बोर्ड लगाने के युद्धस्तर पर निर्देश दिए गए हैं। शहडोल बाईपास के पास बन रहे ओवर ब्रिज के कछुआ चाल काम पर नाराजगी जताते हुए इसे तत्काल पूर्ण करने का आदेश दिया गया है।

### दिग्गजों की मौजूदगी में खिंची लक्ष्मण रेखा

बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति, आरटीओ अनपा खान सहित एनएएचआई, एमपीआरडीसी और लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों को जमकर फटकार लगाई गई। नगरपालिका सीएमओ आशा भंडारी और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को भी साफ कह दिया गया है कि सडक़ों पर अव्यवस्था अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन का संदेश साफ है कि हेलमेट बोझ नहीं, जिंदगी की गारंटी है। अगर आप खुद की जान की परवाह नहीं कर सकते, तो प्रशासन की सख्ती झेलने के लिए तैयार रहें।

## विश्वविद्यालय में गूंजा शांति का मंत्र



### तनाव के चंगुल से युवाओं को छुड़ाने की मुहिम

**शहडोल।** गलाकाट प्रतियोगिता और करियर की अंधी दौड़ में डिप्रेशन की ओर बढ़ते युवाओं के कदमों को रोकने के लिए पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय ने निर्णायक मोर्चा खोल दिया है। विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग और ब्रह्माकुमारी संस्था के साझा प्रयास से तनाव मुक्त जीवन पर एक ऐसी संगोष्ठी का प्रहार किया गया, जिसने विद्यार्थियों को मानसिक गुलामी से आजाद होने का रास्ता दिखाया। कुलगुरु प्रो. राम शंकर की प्रेरणा और संयोजक प्रो. प्रमोद पांडेय के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का आगाज मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच का संचालन डॉ. मौशमी कर ने अपनी धारदार शैली में किया, जिससे पूरा सभागार ऊर्जा से भर उठा। कोलकाता से आए मुख्य वक्ता महेश भाई जी ने सीधे विद्यार्थियों की रगों पर हाथ रखते हुए कहा कि तनाव कोई बाहरी बीमारी नहीं, बल्कि हमारे कमजोर संकल्पों का नतीजा है। उन्होंने दो-टूक लहजे में समझाया कि अगर सोच सकारात्मक नहीं है, तो डिग्री का बोझ मानसिक कैंसर बन सकता है। उन्होंने संतुलित जीवनशैली और मानसिक सशक्तिकरण के वो ब्रह्मास्त्र दिए, जो आज की पीढ़ी के लिए अनिवार्य हैं। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अजय सोनवानी, डॉ. किशोर श्रीवास्तव, मोनिका विश्वकर्मा और रागिनी लांबा ने पसीना बहाया। विश्वविद्यालय प्रशासन का यह कड़ा संदेश है कि हवा हवाई पढ़ाई नहीं, बल्कि एक मजबूत और तनावमुक्त व्यक्तित्व ही असली कामयाबी है।

**कुलपति के मार्गदर्शन में जमी संगोष्ठी**

## बेलगाम रफ्तार ने ली एक की जान, तीन जिंदगी और मौत के बीच

**शहडोल।** सडक़ों पर दौड़ते यमराज और परिवहन विभाग की कुंभकर्णी नींद ने एक और घर का चिराग बुझा दिया। सेमरा तिराहे पर बारातियों से ठसाठस भरी एक पिकअप के पलटने से चीख-पुकार मच गई। इस भीषण हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही सांसें थम गईं, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।



### जश्न का खूनी अंत

सोनटोला गांव से शनिवार को बड़ी हसरतों के साथ बारात छत्तीसगढ़ के मलतढोल गई थी। रविवार दोपहर वापसी के दौरान जैसे ही मालवाहक वाहन सेमरा तिराहे के पास पहुंचा, तेज रफ्तार और लापरवाही का तालमेल मौत के तांडव में बदल गया। अनियंत्रित पिकअप सडक़ किनारे पलट गई। हादसे में 40 वर्षीय सुंदर सिंह, पिता रामलाल को जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

### कागजों पर जागरूकता

यह हादसा महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि यातायात विभाग के मुंह पर जोरदार तमाचा है। एक तरफ विभाग सडक़ सुरक्षा सप्ताह के नाम पर फोटो खिंचवाकर वाहवाही लूट रहा है, वहीं दूसरी तरफ मालवाहकों में भेड़-बकरियों की तरह इंसानों को भरकर ढोया जा रहा है। सडक़ों पर बेखौफ दौड़ती इन मौत की गाडिय़ों को पुलिस और आरटीओ की नजरें क्यों नहीं देख पातीं? तीन दर्जन से ज्यादा लोग एक पिकअप में सवार थे, लेकिन रास्ते में किसी भी चेकपोस्ट ने इन्हें रोकने की जहमत नहीं उठाई।

### सिस्टम की बलि चढ़ी एक और जान

ग्रामीणों की तत्परता से घायलों को अस्पताल तो पहुंचाया गया, लेकिन सुंदर सिंह की जान नहीं बच सकी। पुलिस अब मर्ग कायम कर जांच का रस्म अदायगी वाला राग अलाप रही है। जब तक सडक़ों पर ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार के खिलाफ दिखावे की जगह कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक मासूमों का खून यूं ही डामर पर बहता रहेगा।

## आदिगुरु शंकराचार्य जयंती पखवाड़ा पर आयोजित हुआ व्याख्यान माला



**शहडोल। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पखवाड़ा के अवसर पर निजी होटल में संवाद योजना अंतर्गत जिला स्तरीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। प्रो. दिलीप तिवारी ने व्याख्यानमाला में आदि गुरु शंकराचार्य के सिद्धांतों, विचारों और उनके सन्यासी से विद्रोही सन्यासी बनने सहित विभिन्न प्रमुख पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री वेदनारायण शास्त्री द्वारा बताया गया कि शंकराचार्य ने वेद, वेदांत और उपनिषद के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाया।**

उन्होंने कहा कि बुद्धि के साथ विवेक का होना अत्यंत आवश्यक है, बिना सत्संग के विवेक का प्रस्फुटन संभव नहीं है। जब वेद वाणी और कर्म का संगम होता है, तब हम स्वयं सत्य के प्रति अग्रसर होते हैं। ज्ञान को गहराई से समझने के लिए ज्ञान तक उतरना पड़ता है। व्याख्यानमाला कार्यक्रम की रूपरेखा संभाग समन्वयक ,भीम सिंह डामोर द्वारा रखी गई। उन्होंने बताया की संभाग अंतर्गत सभी जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन को जन जन तक पहुंचाना परिषद का उद्देश्य है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक जन अभियान परिषद विवेक पांडे ने बताया कि यह व्याख्यानमाला आदि गुरु के विचारों को समाज में प्रसारित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। कार्यक्रम का संचालन प्रिया सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर, ऋतिकदास मिश्रा, आलोक सोंधिया,प्रदीप सिंह, राहुल द्विवेदी, शिवम तिवारी, सतीश तिवारी, राघवेंद्र शुक्ला, सनथ त्रिपाठी, लोकनाथ नामदेव आकांक्षा मिश्रा सहित अन्य नवांकुर संस्था के सदस्य और एमएसडब्ल्यू व बीएसडब्ल्यू के

## गेंहू, चना एवं मसूर उपार्जन हेतु उपार्जन केंद्रो में करें समुचित व्यवस्था: कलेक्टर

### कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि शहडोल जिलें में समर्थन मूल्य में गेंहू, चना एवं मसूर उपार्जन के लिए बनाएं गए उपार्जन केंद्रो में आने वाले किसानो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो यह सुनिष्चित किया जाए।**

उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रो में शीतल पेयजल, छायादार बैठक व्यवस्था, तौल कॉंटे, पर्याप्त मात्रा में बारदाने आदि की समुचित व्यवस्था की जाएं। उन्होंने कहा कि गेंहू उपार्जन हेतु किसानो के पंजीयन अब 9 मई तक निर्धारित की गई है तथा शनिवार के दिन भी उपार्जन केंद्र संचालित होगे। उन्होंने कहा कि स्लॉट बुकिंग की तिथि का इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए जिससे अधिक से अधिक किसानो का जिले में पंजीयन सुनिश्चित हो सकें।



कलेक्टर ने बताया कि गेंहू उपार्जन के दौरान 50 प्रतिशत खराब चमक वाले गेंहू की खरीदी होगी। पानी के कमी के कारण कम विकसित दाने की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत और क्षतिग्रस्त दानो की सीमा में 6 प्रतिशत तक बढाई गई है। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतो के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागो में लंबित सीएम हेल्पलाइन की षिकायतो के निराकरण की स्थिति समीक्षा कर विभागीय अधिकारियो को निर्देष दिए कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतो का निराकरण प्राथमिकता के साथ कराना सुनिष्चित करें, कोई भी षिकायत अनटेंटेड न रहें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जेल में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

**शहडोल।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण काशीनाथ सिंह के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल द्वारा चिकित्सा विभाग के विशेष समन्वय व सहयोग से जिला जेल, शहडोल, उपजेल बुढार एवं व्यवहारी में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार से का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ माननीय मुख्य न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय संजीव सचदेवा एवं केंद्रीय जेल जबलपुर सभागार से न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल द्वारा वर्चुअली शुभारंभ किया गया।शिविर में उक्त विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर में जिला जेल के 306, उपजेल बुढार से 74 एवं उपजेल व्यवहारी से 88 का कंप्लीट बॉडी प्रोफाइल, ब्लड़ सेंपलिंग कर गहन चिकित्सकीय जांच एवं उपचार किया गया एवं निशुल्क दवाइयां वितरित कराई गई। शहडोल जिले के विभिन्न जिलों में निरुद्ध कुल 468 लाभान्वित हुए। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेंद्र सिंह सिंगार सचिव श्रीमती श्वेता परते तिवारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेंद्र सिंह परस्ते, प्रभारी जेल अधीक्षक सुनील बिस्वाड़े, जिला चिकित्सालय की मेडिकल टीम, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अभिभाषकगण व पैरालेगल वॉलिंटियर्स उपस्थित रहें।





कार्यक्रम में बंदियों को किए गए अपराध के संबंध में आत्म चिंतन करते हुए पश्चाताप कर भविष्य में अपराध न करने का प्रण लेकर समाज में अच्छे नागरिक के रूप में जीवन यापन करने का करने हेतु करने हेतु प्रेरित किया। बंदियों के स्वास्थ व न्यायालय में पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने के संबंध में जानकारी दी गई ,उपस्थित बंदियों को नालसा व सालसा की योजनाओं व विधिक अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए आपराधिक मनोवृत्ति त्याग कर सौदा अभिवाक व राजीनामा संबंधी प्रावधानों का लाभ लेकर आगामी लोक अदालत में प्रकरण समाप्त करवाए जाने हेतु प्रेरित किया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अभिभाषकगण द्वारा बंदियों के प्रकरणों में की जा रही संपूर्ण कार्यवाही संबंधी जानकारी प्रदान की।

# समय सीमा में करें सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतोषजनक निराकरण: कलेक्टर

## योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग करें समन्वित प्रयास- कलेक्टर





उमरिया। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार लंबित शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयसीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों,आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनों तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों,मानवाधिकार के पत्रों,फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज होते ही उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए और अनावश्यक देरी से बचा जाए। उन्होंने अधिकारियों को टीम भावना के साथ काम करने की नसीहत देते हुए कहा कि अंतिम तिथि पर शिकायतों को एक-दूसरे विभाग में ट्रांसफर करने की प्रवृत्ति पूरी तरह बंद की जाए।

बैठक में समन्वय पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वन विभाग से संबंधित एनओसी या अन्य आवश्यक अनुमतियां प्रोजेक्ट स्वीकृति से पहले ही प्राप्त कर ली जाएं, ताकि विकास कार्यों में बाधा न आए। साथ ही उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग समन्वित प्रयास करें।

जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्लॉट बुकिंग में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए तथा पेट्रोल आपूर्ति पर निरंतर निगरानी रखी जाए। सभी एसडीएम को सख्त निर्देश दिए गए कि जिले में गैस सिलेंडर का अवैध विक्रय किसी भी स्थिति में न हो।

जनजातीय कार्य विभाग को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर अधिक से अधिक छात्रों का समय पर पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए गए कार्यों को नियमित रूप से पोर्टल पर अपडेट करने के लिए सभी विभागों को कहा गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, अपर कलेक्टर पी.के. सेनगुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, अमित सिंह, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले में 762 किसानों से 1786.2 मी.टन गेहूं की गई खरीदी

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले मे गेहूं उपार्जन का कार्य 12 मई तक किया जाना है । जिले में गेहूं उपार्जन के लिए 34 उपार्जन केंद्र बनाए गए है । जिले मे 4373 किसानों व्दारा स्लाट बुक किए गए हैं । जिले में 762 किसानों से 1786.2 मी0 टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है ।

राज्य शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं रूपये 2425 प्रति क्विंटल पर रूपये 40 प्रति क्विंटल की दर से किसानों को बोनस का भुगतान किया जायेगा । इस प्रकार जिले में गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले किसानों को गेहूं की कुल राशि रूपये 2585 प्रति क्विंटल प्लस 40 प्रति क्विंटल के मान से बोनस कुल (2625 प्रति क्विंटल) के मान से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की राशि का भुगतान किया जायेगा । रबी विपणन वर्ष 2026-27 में जिले के प्रमुख गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले सभी किसानो को समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं एवं उस पर प्रदाय बोनस राशि प्रदाय की जायेगी ।

जिले के गेहूं विक्रय के इच्छुक सभी किसानो से अपेक्षा कि गई हैं कि समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने हेतु शासन की नियत अवधि दिनांक 12 मई 2026 तक समर्थन मूल्य पर गेहू विक्रय कर उक्त योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकते है।

# रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के सहयोग हेतु मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त

उमरिया।

मप्र राज्य निर्वाचन आयोग मप्र भोपाल के निर्देशानुसार नगर पालिकाओं,पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण 2026 किए जाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती राखी सहाय ने आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिकाओं,पंचायतों की मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण 1 जनवरी 2026 के दौरान रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो के सहयोग हेतु मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति कि है।उन्होंने कहा है कि मास्टर ट्रेनर्स अपने आवंटित जनपद क्षेत्र एवं नगरीय निकाय के रजिस्ट्रीकरण,सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के निर्देशन में प्रशिक्षण प्रदाय करना सुनिश्चित करेंगे ।

# यातायात व्यवस्था सुधार एवं अतिक्रमण नियंत्रण के लिए कार्ययोजना पर चर्चा

**उमरिया।** मानपुर शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने तथा मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी कि अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग तथा नगर परिषद् एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। उन्होने कहा कि बस रूट में संशोधन एवं भारी वाहनों पर नियंत्रण शहर में यातायात दबाव को कम करने हेतु जनप्रतिनिधियों एवं सभी हितधारकों से चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा। बैठक में बसों एवं भारी वाहनों का संचालन बायपास मार्ग से करने पर चर्चा की गई। शहर के मुख्य आंतरिक मार्गों पर बसों का प्रवेश



पूर्णतः प्रतिबंधित करने पर भी चर्चा की गई। इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनप्रतिनिधियों, बस संचालकों एवं व्यापारी संगठनों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी।

नाली निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए नगर पालिका द्वारा शहर की प्रमुख सडक़ों के दोनों ओर नाली निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही, सडक़ों के किनारे पेवर ब्लॉक्स लगाए जाएंगे। स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पेवर ब्लॉक्स पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण जैसे अस्थायी दुकानें, ठेले आदि लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

बैठक के उपरांत अतिक्रमण हटाने एवं पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ीकरण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया,विशेष रूप से शिव होटल के समीप अव्यवस्थित यातायात की स्थिति का संज्ञान लिया गया। समन्वय के माध्यम से होटल के निकट उपलब्ध भूमि पर पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त पुराने बस स्टैंड क्षेत्र से अवैध ठेलों को हटाया गया।सडक़ों पर अतिक्रमण कर रहे लगभग 10-15 दुकानदारों को समझाइश देकर सामग्री हटवाई गई। आगामी एक माह तक प्रशासन, पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त टीमें नियमित गश्त कर रोड पर अतिक्रमण पर नियंत्रण सुनिश्चित करेंगी।

नवीन बस स्टैंड निर्माण शहर के लिए आधुनिक बस स्टैंड के निर्माण हेतु गोवर्धे क्षेत्र में भूमि का चयन किया गया है। उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में यातायात प्रयोजन हेतु दर्ज है। पूर्व में लंबित न्यायालयीन प्रकरण की स्थिति स्पष्ट होने के पश्चात अब निर्माण प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी।

## ग्रामीणों ने तालाब की सफाई कर जल संरक्षण का लिया संकल्प

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बरतराई में सामूहिक श्रमदान

# गोरधरा तालाब पर गूंजा 'जल है तो कल है' का संदेश

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत विकासखंड अनूपपुर के सेक्टर क्रमांक 04 स्थित ग्राम पंचायत बरतराई के गोरधरा तालाब में रविवार को सामूहिक श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के तहत आयोजित इस अभियान में ग्रामीणों, नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समितियों तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाते हुए तालाब की साफ-सफाई कर जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता एवं जल के प्रति जनजागरूकता को बढ़ावा देना रहा। अभियान के दौरान गोरधरा तालाब की सामूहिक सफाई की गई तथा आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाकर जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया गया। उपस्थित लोगों ने "जल है तो कल है" के संदेश को आत्मसात करते हुए जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में बताया गया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 19 मार्च से 30 जून तक जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के द्वितीय चरण में तालाब, नदी, कुआं, पोखर एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान का उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों की सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में जल संरक्षण के प्रति दीर्घकालिक चेतना विकसित करना भी है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि आज जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए ठोस प्रयास नहीं किए गए तो भविष्य में जल संकट विकराल रूप ले सकता है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह जल संरक्षण के इस महाअभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे। सामूहिक श्रमदान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जल स्त्रोतों की रक्षा केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की साझा जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान, प्रस्फुटन समिति प्यारी नंबर-2 बरतराई, पसान, गम्भीरवाटोला एवं मलगा के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर नवांकुर संस्था पसान के प्रतिनिधि, परामर्शदाता शिवानी सिंह, कृष्णा देवी, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, सीएमसीएलडीपी छात्रा स्वाति, निशा, आरती, रेखा, किरण प्रजापति, पारस मुखर्जी, दशरथ सिंह एवं रमेशलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने 30 जून तक अभियान को निरंतर जारी रखते हुए जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए निरंतर श्रमदान करने का संकल्प लिया। ग्रामीणों के उत्साह और सहभागिता ने यह साबित कर दिया कि यदि समाज जागरूक हो जाए तो जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर बड़ा परिवर्तन संभव है।

# बारातियों से विवाद कर गाड़ी में तोड़फोड़ एवं गाली गलौज किए जाने का मामला आया सामने

हरिभूमि न्यूज कोतमा। थाना अंतर्गत रेउला गांव में सोमवार को चंदाबाई यादव की 2 बेटियों के विवाह कार्यक्रम के दौरान गांव के सरपंच पुत्र व उसके साथियों द्वारा बारातियों से विवाद कर गाड़ी में तोड़फोड़ एवं गाली गलौज किए जाने का मामला सामने आया है।

विवाह के दौरान हुए हंगामा में को लेकर गांव में अफरा तफरी मच गई। किसी प्रकार अन्य लोगों की समझाइस के बाद शादी एवं बिदाई हुई। चार पहिया गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने एवं खाना फेंके जाने से विवाह में शामिल होने आए लोग भूखे ही वापस हो गए। सोमवार को महिला के द्वारा थाने में दो नामजद सहित उनके साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है घटना से जुड़े लोगों को पकड़कर थाने लाई है। फरियादी महिला का भी कथन दर्ज करते हुए जांच जारी है। उक्त घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

**इनका कहना है**

महिला के द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है। जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**रत्नांबर शुक्ल**
थाना प्रभारी कोतमा

# शादी समारोह से पत्नी हुई गायब, मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत बरगवां गांव निवासी रामदयाल चौधरी ने रामनगर थाने में शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि 23 अप्रैल को वह अपनी पत्नी पिंकी चौधरी के साथ अपने मामा ससुर बद्री चौधरी निवासी आमाडांड के यहां शादी में आया था 25 अप्रैल को हम लोग शादी में व्यस्त हो गए और रात 11 बजे जब मुझे मेरी पत्नी कहीं नजर नहीं आई तो आसपास तलाश किया नहीं मिली बिना बताए उसकी पत्नी का ही चली गई है। शिकायत पर पुलिस ने गुम इंसान कायम करते हुए विवेचना मे लिया।

# शादी का झांसा देकर आबरू से खिलवाड़ करने वाला पाखंडी गिरफ्तार

## पति को छुड़वाकर महिला का सालभर किया शारीरिक शोषण

**शहडोल।** रिश्तों को कलंकित और महिलाओं की भावनाओं से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों के विरुद्ध शहडोल पुलिस ने सख्त तेवर अपना लिए हैं। थाना सिंहपुर पुलिस ने शादी का झूठा प्रलोभन देकर एक 27 वर्षीय महिला का लगातार शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी दीपेश पटेल को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई। आरोपी दीपेश पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बोडरी ने महिला को अपने झांसे में लेकर उसे पति को छोडऩे के लिए मजबूर किया और शादी का सपना दिखाया। 6 सितंबर 2025 से शुरू हुआ यह शोषण का सिलसिला 17 अप्रैल 2026 तक चलता रहा। आरोपी ने बार-बार दुष्कृत्य किया और जब शादी की बात आई, तो वह अपने वादे से मुकर गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए शहडोल महिला सुरक्षा थाने से प्राप्त जीरो एफआईआर पर सिंहपुर थाने में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी आशीष झारिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी दीपेश को दबोच लिया। शुक्रवार को उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में सउनि लोलर प्रसाद, प्र.आर. सत्यनारायण पाण्डेय सहित टीम की भूमिका रही।

## सोते हुए राजमिस्त्री को ट्रक ने रौंदा

शहडोल। जिले में बेखौफ दौड़ रहे अवैध रेत के यमदूतों ने एक और हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया है। सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर बीती रात एक रेत से लदे मिनी ट्रक ने निर्माणाधीन मकान में सो रहे राजमिस्त्री अशोक वर्मन उम्र 35 वर्ष को बेरहमी से कुचल दिया। टायर अशोक के शरीर को चीरते हुए निकल गए, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हैरानी की बात यह है कि शहडोल में रेत का वैध ठेका न होने के बावजूद माफिया रात के अंधेरे में सक्रिय हैं। बैजनाथ सिंह के मकान में काम कर रहे अशोक को क्या पता था कि जिस रेत से वह घर बना रहा है, वही उसकी कब्र खोदेगी। आरोपी चालक ने लापरवाही की सारी हदें पार करते हुए सो रहे मजदूर पर ट्रक चढ़ा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने सीधे तौर पर छेकलाल यादव नामक व्यक्ति पर अवैध रेत सप्लाई का आरोप लगाया है। खनिज विभाग ने देर रात जिस मिनी ट्रक को जब्त किया है, वह भी छेकलाल का ही बताया जा रहा है, जिससे विभाग और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या प्रशासन केवल जब्ती का नाटक करता रहेगा या इन माफियाओं पर हत्या का मुकदमा दर्ज होगा? थाना प्रभारी अरुण पांडे ने चालक पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खदान श्रमिकों पर लू का खतरा सुरक्षा के लिए सर्कुलर जारी

# डीजीएमएस की चेतावनी अत्यधिक तापमान के कारण हो सकती हैं अप्रिय घटनाएं

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

अनूपपुर जिले के सभी कोयला खदानों में भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) ने पत्र के माध्यम से सभी खदानों के मालिकों, एजेंटों और प्रबंधकों के लिए तकनीकी सर्कुलर जारी किया है। इसका मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में हीट वेव (लू) के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य समस्याओं को रोकना है। डीजीएमएस ने चेतावनी दी है कि गर्मी में अत्यधिक तापमान के कारण खदान श्रमिकों के साथ अप्रिय घटनाएं, यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। हीट स्ट्रेस या थर्मल स्ट्रेन तब होता है, जब शरीर का तापमान बाहरी गर्मी और शारीरिक परिश्रम के कारण अनियंत्रित हो जाता है।

खुली खदानों में श्रमिकों को सीधे सूर्य की किरणों के नीचे काम करना पड़ता है। भूमिगत खदानों में जमीन के नीचे गर्म चट्टानों के संपर्क में आने से तापमान में अत्यधिक वृद्धि होती है। सुरक्षा के लिए पहने जाने वाले विशेष कपड़े या प्रोटेक्टिव गियर अक्सर शरीर की गर्मी को बाहर निकलने से रोकते हैं, जिससे हीट स्ट्रेस का खतरा बढ़ जाता है।

### उच्च तापमान से घटती है उत्पादकता

ऐसे मौसम में भूमिगत खदानों की गर्म परतों के पास काम करना कठिन होता है। काम का भारी बोझ, बढ़ती हृदय गति और पसीने का वाष्पीकरण नहीं होने से परेशानी बढ़ सकती है। सुरक्षात्मक कपड़े पहनना और वातावरण में नमी अधिक होने से परेशानी हो सकती है। डीजीएमएस का मानना है, कि उच्च तापमान न केवल बीमारी का कारण बनता है, बल्कि इससे श्रमिकों की एकाग्रता में भी कमी आती है। इसके परिणामस्वरूप उत्पादकता घटती है और गलतियां होने की संभावना बढ़ जाती हैं इससे बड़ी खदान दुर्घटनाएं हो सकती हैं। खदानों में वेंटिलेशन ठीक होना चाहिए। हर जगह पर्याप्त मात्रा में हवा उपलब्ध रहे।

### महिलाओं का विशेष ध्यान रखने का निर्देश:

महानिदेशालय ने स्पष्ट किया है, कि उच्च तापमान का प्रभाव महिला श्रमिकों पर अधिक संवेदनशील हो सकता है। खदानों में काम करने वाली महिलाओं के बच्चों के लिए बने शिशु गृहों में तापमान नियंत्रण और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति विशेष प्रशिक्षण और सावधानी बरतने के निर्देश दिये गये हैं।

### हीट स्ट्रेस के लक्षणों की करें पहचान

डीजीएमएस ने खान प्रबंधकों को हीट स्ट्रेस के लक्षणों की पहचान करने का आदेश दिया है। प्रभावित व्यक्तियों के उपचार के लिए क्या करें और क्या न करें की सूची बनाने का निर्देश दिया है। प्रबंधन को जोखिमों का आकलन करने को कहा है।

## खबर संक्षेप

### योजना का लाभ दिलाने के नाम पर 85 हजार की चपत

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत समदड़िया सिटी में शातिर ठग ने 'नल-जल योजना' का लाभ दिलाने के नाम पर एक बुजुर्ग महिला को अपना शिकार बनाते हुए हजारों रुपये की चपत लगा दी। पुलिस के अनुसार 62 वर्षीय रेखा तिवारी को एक अज्ञात जालसाज ने संपर्क किया। ठग ने खुद को सरकारी विभाग या योजना से जुड़ा बताते हुए झांसा दिया कि वह उन्हें शासन की महत्वाकांक्षी 'नल-जल योजना' का लाभ दिला सकता है। इस दौरान उसने दस्तावेजों और प्रक्रिया शुल्क के नाम पर महिला का विश्वास जीता। जालसाज ने अलग-अलग बहानों से पीड़िता से कुल 85,000 रुपये की राशि ऐंठ ली। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी योजना का कोई लाभ नहीं मिला और आरोपी ने संपर्क काटना शुरू किया, तब महिला को ठगी का अहसास हुआ। पीड़िता ने थाने पहुँचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

### सूने घर में घुसे चोर, तीन गैस सिलेंडर पार

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत बंगला लाइन क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया और गैस सिलेण्डर चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार बंगला लाइन निवासी राजेश भाटिया के घर पर शनिवार की दरमियानी रात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था जिसका फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने रसोई में रखे 3 घरेलू गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। सुबह जब घर की स्थिति देखी गई, तब चोरी की वारदात का खुलासा हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया और प्रार्थी राजेश भाटिया की शिकायत पर अपराध दर्ज किया। चोरी के बाद स्थानीय निवासियों में असुरक्षा का माहौल है। लोगों का कहना है कि पॉश इलाकों में इस तरह की वारदातें पुलिस पेट्रोलिंग पर सवाल खड़े करती हैं। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब का गहरीकरण

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के (जिला समन्वयक) डॉ. तेज सिंह केसवाल के निर्देशानुसार एवं( विकासखंड समन्वयक) बालमुकुंद मिश्रा के मार्गदर्शन में कन्हवारा सेक्टर क्रमांक 03 की नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आरएल चौधरी के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण में आदर्श ग्राम मड़ई के ग्राम जुगियाकाप के मुक्ति धाम मार्ग में बने तालाब का गहरीकरण जेसीबी मशीन और ग्रामीणों के श्रमदान से कराया गया जिससे वर्षा का जल एकत्रित हो सके और अधिक समय तक रहे। श्रमदान कार्य में सेक्टर प्रभारी गनपत लाल, राजेश कोल, विजय कोल, दीपक कोल, दुर्गा कोल, बिहारी लाल कोल आदि सम्मिलित रहे।

### आज सौपेंगे ज्ञापन

**कटनी।** गौ माता के सम्मान के लिए आज 27 अप्रैल को एसडीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा। सबसे पहले 12 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन के समीप हनुमान मंदिर के पास सभी लोग एकत्रित होंगे। तत्पश्चात हनुमान मन्दिर से विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। वाहन रैली रेल्वे स्टेशन से प्रारंभ होकर SDM कार्यालय, तहसील कार्यालय विश्राम बाबा के लिए जायेगी ।

-अघोषित कटौती और आंख-मिचौली ने किया जीना दुश्वार

# बिजली कटौती को लेकर नगरवासी परेशान

### घंटों बिजली बंद होने के चलते सभी काम प्रभावित

**धनपुरी।** पिछले कई दिनों से बेतहाशा गर्मी ने नगर में विद्युत व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर दिया है यहां पर बिजली की व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी बिजली की आवाजाही से नगर पालिका के द्वारा की जाने वाली पेयजल सप्लाई को लेकर वार्डवासियों काफी परेशान हैं समय पर न घरों में पानी सप्लाई बुरी तरह से प्रभावित हो गई है किसी भी समय बिजली बंद हो जाती है एक तरफ गर्मी से लोग बेहाल है और दूसरे तरफ नगरपालिका की पेयजल कि सप्लाई समय पर न होने को लेकर नगरवासियों में अकोष बढ़ता जा रहू है।








### न दिन में चैन और न रात अराम

विजली की अघोषित कटौती को लेकर नगरवासियों बिजली की समस्या से इनदिनो परेशान होते देखे जा रहा है। वर्तमान समय में देखा जा रहा है कि बिजली का आना जाना लगा रहता है किसी भी समय बिजली बंद हो जाती है इस भीषण गर्मी में इस तरह से लाइट का आना जाना लगा होता रहता है ।इस वजह से गर्मी को लेकर लोगों को परेशान होना पड़ता है लेकिन जिस तरह से बिजली कटौती हो रही है को लेकर नगरवासी बेचैन हो जाते हैं धनपुरी नगर के अंदर विगत कुछ दिनों से बिजली संकट बड़ा है कभी दोपहर को आधी रात को अचानक बिजली बंद हो जाती है तो कभी सुबह होते ही जिस कारण से नगरवासी परेशान हैं और बिजली की जिस तरह से आना जाना लगा रहता है उससे लोगों के अंदर आक्रोश बढ रहा है।

### लोगों का जीवन दुश्वार

इन दिनों गर्मी फुल और बिजली गुल होने के चलते नगरवासी खासा परेशान हो रहे हैं। बिजली की आंख मिचौली के चलते किसी भी समय पसीने से लथपथ होना स्थानीय रहवासियों की नियति बन गई है। नगर में कभी भी बिजली गुल हो जाती है, दोपहर बिजली बंद हुई जो कई घंटे बाद आई इसी तरह रात तक कई बार बिजली बंद हुई, सुबह होते ही फिर बंद हो गई। आलम यह है कि बिजली की आंख मिचोली लोगों का जीना दुश्वार कर के रख दिया है।

### नपा पेयजल सप्लाई प्रभावित

वर्षा के पूर्व दिनो में बिजली की समस्या शुरू हो गई। हर दिन तीन-चार घंटे की अघोषित कटौती से लोग परेशान हैं। बिजली की अघोषित कटौती होने से नगर पालिका का पानी सप्लाई जो घरों में समय-समय पर दिया जाता है, वह बुरी तरह से प्रभावित हो जाता है। नगर पालिका से होने वाली सप्लाई पर ही लोग निर्भर हैं, बिजली बिना सब सून की कहावत को चरितार्थ करते हुए बिजली न होने से अन्य सभी काम प्रभावित होते हैं।बिजली की आंख मिचौली उमस भरी गर्मी लोगों का जीना दूभर हो रहा है बिजली गुल होने की जानकारी बिजली विभाग के अधिकारी भी बताने में असमर्थ देखे जा रहे है।

### बिजली कटौती से लोग परेशान

घोषित बिजली कटौती को लेकर लोग परेशान हैं किसी भी समय बिजली बंद हो जाती है थोडे से हवा पानी चली कि बिजली बंद हो जाती है कई घंटे तक बंद रहती है बिजली की समस्या को लेकर नगरवासी एसपी सिंह, सुजीत जैन,,अनिल जायसवाल आनंद मोहन जयसवाल, राम सिंह, आदि लोगों ने बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी से मांग की जा रही है कि बिजली की समस्या शीघ्र सुधार किया जाए

# बंद रही खाद बीज की दुकानें

## कृषि आदान विक्रेता संघ ने सौंपा ज्ञापन




**ब्यौहारी।** कृषि आदान विक्रेता ब्यौहारी द्वारा ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर्स संगठन के आह्वान पर 27 अप्रैल को केंद्र सरकार द्वारा ले ले गए गलत नियमों के विरोध में सोमवार को अपनी दुकान बंद करके सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया मोटरसाइकिल रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचे जहां पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन तहसीलदार अजय पांडे को सौपा ज्ञापन का वाचन करते हुए संघ के सचिव केदार गुप्ता द्वारा संगठन की मांग को रखी गई जिसमें अनिवार्य टैगिंग को रद्द किया जाए, सैंपल यदि फेल होता है तो इसमें बनाने वाली कंपनी को जिम्मेदार बनाया जाए न की डीलर को कृषि विभाग की वेबसाइट में 70% भूमि दर्ज नहीं है उसको दर्ज किया जाए। पीसी की अनिवार्यता समाप्त हो, लाइसेंस नवीनीकरण 5 साल किया जाए, संचालक द्वारा यदि बीज दुकान के लाइसेंस को सस्पेंड किया जाता है 21 दिन की अवधि समाप्त होने के बाद स्वत बीज दुकान खुल जाए , आदान विक्रेता संघ ब्यौहारी के संरक्षक शिवकुमार गुप्ता ने बताया कि खुदरा व्यापारियों को डेली स्टॉक बोर्ड में अंकित करना, टैगिंग, साथी एप की अनिवार्यता अव्यवहारिक है इससे देश के लाखों खुदरा व्यापारी संकट में आ जाएंगे और किसान और व्यापारियों के बीच खाद बीज की चैन जिसमें किसानों को आसानी से खाद बीज मिल जाता है वह नहीं मिल पाएगा आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होगी जिससे पूरे भारत के कृषि उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा देश में खाद्य संकट जैसे हालात बनेंगे इसलिए इन नियमों को तत्काल रद्द कर दिया जाए। ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से शिवकुमार गुप्ता संरक्षक, धीरज गुप्ता अध्यक्ष, केदार गुप्ता सचिव, संजय पांडे, अजय सोंधिया ,राजकुमार चौहान ,मृत्युंजय सिंह बैश्य, ज्ञान चंद्र गुप्ता, प्रकाश पिंजानी, शिवाकांत तिवारी, सत्येंद्र गुप्ता, सुदामा प्रसाद गुप्ता, विकास पटेल, अनुज कुशवाहा, बाराती जैन सहित सैकड़ो खाद बीज की व्यापारी ज्ञापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारी



**बिरसिंहपुर, पाली।** शासकीय महाविद्यालय, बिरसिंहपुर, पाली, जिला उमरिया, मध्य प्रदेश में आज दिनांक 27 अप्रैल 2026 को मानसिक तनाव पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसका विषय था 'मानसिक स्वास्थ्य के लिए तनाव और जीवनः चिंता मुक्त जीवन होना चाहिए'। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री हरलाल हीरवार मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा, ₹बच्चों, अभी आपके परीक्षा के समय आ रहे हैं, इस समय तनाव स्वाभाविक है, लेकिन इसे संतुलित रखें। नियमित अभ्यास, अच्छी नींद, और मेडिटेशन आपको मानसिक रूप से मजबूत बनाएगा।कार्यक्रम का संचालन डॉ. नरेश प्रसाद शुक्ला ने किया, जिन्होंने कहा, ₹छात्रों को खुद पर भरोसा रखना चाहिए, और यह समझना चाहिए कि परीक्षाएं जीवन का सिर्फ एक हिस्सा हैं।₹ मुख्य वक्ता डॉ. अनुपमा दुबेदी ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ₹तनाव को पहचानो, और खुद के लिए समय निकालो, क्योंकि मानसिक स्वास्थ्य ही जीवन की गुणवत्ता का आधार है।₹डॉ. जे पी एस चौहान ने कहा, ₹छात्रों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर देना चाहिए, ताकि वे दबाव से बाहर निकल सकें। अन्य वक्ताओं में डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. त्रिभुवन गिरी और डॉ. शिवराज सिंह ने भी अपने विचार रखे। अंत में, कार्यक्रम का आभार डॉ. नरेश प्रसाद शुक्ला ने व्यक्त किया, और बड़ी संख्या में छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिन्होंने अपनी परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करने के लिए प्रेरणा और दिशा प्राप्त की।

# शहडोल में चोरों का तांडव



### शादी की खुशियां लूट ले गए बदमाश

**शहडोल।** जिले में खाकी का इकबाल खत्म होता नजर आ रहा है और अपराधियों के हौसले सातवें आसमान पर हैं। सोहागपुर से लेकर कोतवाली तक, चोरों ने पुलिस की गश्त को चुनौती देते हुए लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया है। पिपरिया गांव में तो बदमाशों ने हद ही कर दी, जहां एक परिवार की खुशियों को मातम जैसी मायूसी में बदल दिया गया।

### बेटी के जेवर ले उड़े लुटेरे

पिपरिया निवासी उमेश यादव जब सपरिवार एक पारिवारिक शादी में शामिल होने गए थे, तब सूने घर को निशाना बनाकर चोरों ने करीब 7 लाख रुपये से अधिक की डकैती डाल दी। बदमाशों ने घर का ताला चटकाकर एक किलो चांदी, चार तोले सोना और बेटी के विवाह के लिए जुटाए गए 45 हजार नगद पार कर दिए। जब परिवार खुशियां मनाकर घर लौटा, तो बिखरा सामान और टूटा ताला देखकर पैरों तले जमीन खिसक गई।

### हार्डवेयर की दुकान में भी सेंधमारी

चोरों का आतंक यहीं नहीं थमा। कोतवाली क्षेत्र के ओम हार्डवेयर में भी बदमाशों ने धावा बोलकर एक लाख रुपये का माल समेट लिया। दुकान संचालक शांतनु केशरी की शिकायत पर पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन हाथ अब तक खाली हैं। आखिर पुलिस की नाइट पेट्रोलिंग कहां है, जब जनता त्योहारों और शादियों में मशगूल है, तब रक्षक की भूमिका निभाने वाली पुलिस की ढीली कार्यप्रणाली पर सवाल उठना लाजिमी है।

# पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण कर पृथ्वी को हरा भरा रखने का लिया संकल्प

### प्राचीन तालाब तट में पांच पौधे रोपण कर पृथ्वी संरक्षण व जल संरक्षण का दिया संदेश

**उमरिया ।** पृथ्वी का श्रृंगार हैं पेड़, पौधे,जल, फूल, झरने और हवा। इन्हें बचाने और धरती को हरा-भरा रखकर पृथ्वी पर जीवन व जल को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण अति आवश्यक है। जल गंगा संवर्धन अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य युवा टीम द्वारा मुक्तिधाम परिसर पाली में आम एवं नीम के पौधे लगाकर पौधा रोपण कर पृथ्वी को हरा भरा बनाने व जल संरक्षण का संकल्प लिया।

पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने कहा की पृथ्वी और जीवन के संरक्षण के लिए प्रत्येक वर्ष पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में मदद करें। क्योंकि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है। जीवन जीने के लिए जिन प्राकृतिक साधनों की जरूरत, एक पेड़, एक जानवर या फिर एक इंसान की होती है, वहीं पृथ्वी वह सब हमें प्रदान करती है।

पौधे ही जीवन को सुरक्षित कर सकते हैं।पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को जीवन में एक-एक पौधे का रोपण जरूर करना चाहिए। धरती को स्वस्थ रखने के लिए पौधों का महत्वपूर्ण भूमिका है।पृथ्वी के संरक्षण के लिए सबसे जरूरी पौधारोपण है। पृथ्वी का हम जितना दोहन कर रहे हैं, उसी के दुष्परिणाम हम आज झेल रहे हैं। पौधारोपण के दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी,महेन्द्र तिवारी,अभिनव द्विवेदी व सभी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र माता के सम्मान में उतरे गौ-भक्त



### शहडोल में गौ क्रांतिः 5100 हस्ताक्षरों के साथ दिल्ली तक ललकार

**शहडोल।** भारतीय संस्कृति की रीढ़ गौ माता को उनका खोया हुआ सम्मान दिलाने के लिए शहडोल की सडक़ों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। गौ सेवा - राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ सोमवार को जिले के 5100 सजग नागरिकों ने अपने हस्ताक्षरों की ताकत से प्रधानमंत्री के नाम एक हुंकार भरी। तहसीलदार को सौंपे गए इस ज्ञापन में दो-टूक मांग की गई है कि अब देरी बर्दाश्त नहीं, गौ माता को अविलंब राष्ट्र माता घोषित किया जाए।

### भगत सिंह परिसर से उठी बदलाव की गूंज

पुराना बस स्टैंड स्थित भगत सिंह परिसर में जुटे गौ-भक्तों ने साफ कर दिया कि यह केवल एक ज्ञापन नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन का आगाज है। अभियान के अगुआ सिल्लू रजक और विकास जोतवानी ने प्रशासन को चेताया कि गौ सेवा केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि पर्यावरण और मानवता को बचाने की अंतिम उम्मीद है। ज्ञापन में गौशालाओं के कायाकल्प, गौवंश के बेहतर पोषण और कड़े संरक्षण कानूनों की मांग को प्रमुखता से उठाया गया है।

### दिल्ली तक पहुंचेगी शहडोल की आवाज

अमन यादव, सिद्धांत रजक और धीरू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने स्पष्ट किया कि जब तक राष्ट्रीय स्तर पर ठोस नीति नहीं बनती, यह संघर्ष थमेगा नहीं। तहसीलदार कार्यालय ने जनभावनाओं के इस भारी-भरकम दस्तावेज को नियमानुसार आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया है। चेतावनी साफ है कि अगर विरासत का अपमान जारी रहा, तो जनसंवाद अब जन-आक्रोश में बदलेगा। गौ माता का सम्मान, अब राष्ट्र का स्वाभिमान बन चुका है।

## अपराधी को 3 माह तक पुलिस थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने विजयराघवगढ़ निवासी अश्वनी उर्फ मैदल उर्फ लटल द्विवेदी पिता शिवदत्त द्विवेदी 55 वर्ष के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 15 तारीख को पुलिस थाना विजयराघवगढ़ में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। अश्वनी वर्ष 2001 से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है। इसके विरुद्ध अब तक कुल 8 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें मारपीट, गुंडागर्दी और अवैध रूप से शराब का विक्रय जैसे अपराध शामिल है। न्यायालय द्वारा अश्वनी को तीन प्रकारणों में अर्थ दंड से दंडित किया जा चुका है। जबकि चार प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है और एक प्रकरण में यह दोष मुक्त हो चुका है। अश्वगनी की बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा इसके विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। अश्वनी द्विवेदी द्वारा आपराधिक गतिविधियां जारी रखने, आतंक का पर्याय बनने के कारण यह कार्रवाई की गई है।

# जिला न्यायाधीश हिदायतउल्ला की पूज्य माता हज्जन जुम्मी बी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**बुढार। धनपुरी ज़नाब मरहूम समीउल्ला मास्टर साहब की अहलिया (धर्मपत्नी) एवं जिला न्यायाधीश जनाब हिदायतउल्ला साहब की वालिदा (मां), हज्जन जुम्मी बी का सोमवार की प्रातःकाल धनपुरी वार्ड क्रमांक 01 में निधन हो गया है। उनके देहावसान की खबर फैलते ही समूचे कोयलांचल क्षेत्र में शोक, संवेदना और गहरी स्तब्धता का माहौल व्याप्त हो गया है।**

### संस्कार और ममता की प्रतिमूर्ति थीं मरहूमा

मरहूमा हज्जन जुम्मी बी एक अत्यंत संस्कारित, सदाचारी और करुणामयी व्यक्तित्व की धनी थीं। उनका संपूर्ण जीवन पारिवारिक मर्यादा, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति समर्पित रहा। एक आदर्श माता और धर्मनिष्ठ गृहिणी के रूप में उन्होंने समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत की भूमिका निभाई। उनकी सादगी, सहनशीलता और परोपकार की भावना ने उन्हें हर दिल अज़ीज़ बना दिया था। उनके द्वारा दिए गए संस्कार और जीवन-मूल्य आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव मार्गदर्शक बने रहेंगे।

परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मरहूमा की मिट्टी (जनाज़ा) 27 अप्रैल को रात्रि 9 बजे धनपुरी कब्रिस्तान में अदा की जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होकर नम आँखों से उन्हें अंतिम विदाई देंगे और उनकी मग़फ़िरत के लिए दुआ करेंगे।



### गणमान्य नागरिकों ने व्यक्त किया शोक

इस शोकाकुल घड़ी में समस्त समाज ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएँ व्यक्त की हैं। क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकारों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने ईश्वर/अल्लाह से मरहूमा को जन्नतुल फिरदौस में स्थान देने की प्रार्थना की है। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से शामिल हैं:पूर्व विधायकः छोटेलाल सरवगी,वरिष्ठ नागरिक एवं पत्रकारः मोहन नामदेव,सनत शर्मा, मैथली शरण गुप्त, हनुमान खंडेलवाल, पंडित विनोद शर्मा, राकेश सोनी, ऋतुपर्ण दवे, मोहम्मद शमीम खान, ब्रजवासी अग्रवाल, आशीष नामदेव, राजू अग्रवाल, संतोष शर्मा, सूरज श्रीवास्तव, कैलाश लालवानी, अजय अरविंद नामदेव, जुगल मिश्रा, विनय मिश्रा, अनिल लहंगीर, प्रदीप शर्मा, मोहम्मद साबिर, निर्मल जयसवाल, नौशेरमा खान, सदन लाल कपूर, जवाहर जयसवानी, इरफ़ान खान, अतीक खान सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने शोक जताया है।

# कल्याण के शताब्दी सफर पर मंथन

## दीपावली के बाद अङ्गुली में लगेगा रोशनी का मेला

**शहडोल।** शहर के होटल लेवल वन में सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की मासिक बैठक मात्र एक औपचारिक मेल-मिलाप नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और आध्यात्मिक चिंतन का संगम बन गई। एम.एल. मंत्री की अध्यक्षता और मृत्युंजय सिंह व कमल मूंदड़ा के सौजन्य से सजी इस बैठक में वरिष्ठों ने सेवा और संस्कार का नया खाका खींचा।

### सस्ते दाम में संस्कारों का भंडार

साहित्यिक परिचर्चा के दौरान एम.एल. मंत्री ने दुनिया के सबसे बड़े प्रकाशन संस्थान गीताप्रेस, गोरखपुर के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जब ज्ञान भी व्यापार बन गया है, तब गीताप्रेस न्यूनतम मूल्य पर पौराणिक और आध्यात्मिक साहित्य उपलब्ध कराकर भारतीय संस्कृति को जीवित रखे हुए है। विशेष रूप से कल्याण पत्रिका के 100 वर्ष पूर्ण होने पर इसके वार्षिकांक में प्रकाशित कालजयी लेखों पर गहन चर्चा की गई, जो समाज के लिए मार्गदर्शन का काम करेंगे।

### अंधकार के खिलाफ जंग

बैठक में वरिष्ठों ने समाज सेवा की दिशा में एक बड़ा और ठोस संकल्प लिया। एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि दीपावली के बाद जिले के ग्राम-अङ्गुली में एक विशाल नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा। मध्य प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के तकनीकी सहयोग से आयोजित होने वाले इस शिविर का लक्ष्य ग्रामीण अंचलों में मोतियाबिंद और आंखों की अन्य बीमारियों से जूझ रहे जरूरतमंदों को नई रोशनी देना है। बैठक में महेश अग्रवाल, राधेश्याम शुक्ला, डॉ. जी.डी. सिंह, डॉ. पवन मूंदड़ा और योगेश अग्रवाल सहित शहर के कई प्रबुद्ध नागरिकों ने शिरकत कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

दो साल की देरी पर फूटा गुस्सा

# हाई कोर्ट का चला हंटर: आदेश की अनदेखी पर कलेक्टर समेत चार अफसर तलब

उच्च न्यायालय जबलपुर ने आदेश का पालन न होने पर सख्त तेवर दिखाते हुए अनूपपुर के कलेक्टर समेत चार अधिकारियों को कोर्ट में तलब कर लिया है। सहायक ग्रंथपाल संतोष कुमार शुक्ला के लंबित भुगतान मामले में लापरवाही और उल्टा रिकवरी थोपने पर अदालत ने नाराजगी जताई है। अब 28 अप्रैल को सभी अधिकारियों की पेशी तय हो गई है। इस पूरे मामले में सीनियर एडवोकेट केसी घिल्डियाल याचिका में याचिकाकर्ता का पक्ष रखा।



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर अवमानना याचिका ने प्रशासनिक उदासीनता की परतें खोलकर रख दी हैं। मामला संतोष कुमार शुक्ला के देयकों के भुगतान से जुड़ा है, जहां न्यायालय और शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद लाभ नहीं दिए गए। उल्टा विभाग ने रिकवरी आदेश जारी कर कर्मचारी को और परेशान कर दिया। रीवा से मांगी गई जानकारी को फाइलों में दबाकर रखा गया और समय पर कोई जवाब नहीं भेजा गया। इससे न केवल भुगतान रुका रहा, बल्कि पूरे मामले में लापरवाही साफ नजर आई। इस प्रकरण में हर्षल पंचोली, सरिता नायक और अन्य अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। अब कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए व्यक्तिगत उपस्थिति के आदेश जारी कर दिए हैं।

### न्यायालय के आदेश को दिखाया ठेंगा

उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने समयसीमा में पालन नहीं किया। यह न सिर्फ लापरवाही है बल्कि न्यायिक आदेश की सीधी अवमानना मानी जा रही है। अदालत ने पहले भी नोटिस जारी किए, लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं मिला। इससे नाराज होकर कोर्ट ने अब सख्त रुख अपनाया है। यह संदेश साफ है कि न्यायालय के आदेशों की अनदेखी अब भारी पड़ सकती है और जिम्मेदारों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा है।

### भुगतान रोका, ऊपर से थोप दी रिकवरी

जहां एक ओर कर्मचारी के एरियर्स और समयमान वेतनमान का भुगतान लंबित था, वहीं विभाग ने उल्टा रिकवरी आदेश जारी कर दिया। यह कदम न केवल नियमों के खिलाफ है बल्कि इसे दमनात्मक कार्रवाई भी माना जा रहा है। कर्मचारी को दोहरी मार झेलनी पड़ी है एक तरफ हक का पैसा नहीं मिला, दूसरी ओर वसूली का दबाव बना दिया गया।

### फाइलों में दबे रहे जरूरी दस्तावेज

रीवा संभाग से मांगे गए दस्तावेज और जानकारी समय पर नहीं भेजी गई। रीवा के कोष एवं लेखा विभाग द्वारा कई बार पत्र भेजे गए, लेकिन संबंधित कार्यालयों ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। फाइलों में कागजात दबाकर रखने से मामला और उलझता चला गया, जिससे भुगतान प्रक्रिया पूरी तरह ठप हो गई है।

### दो साल की देरी पर कोर्ट सख्त

अदालत ने करीब दो वर्षों तक भुगतान लंबित रहने को गंभीर लापरवाही माना है। कोर्ट का मानना है कि इस तरह की देरी कर्मचारियों के अधिकारों का हनन है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि शासन के आदेशों को नजरअंदाज करना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसी कारण अब सख्त कदम उठाते हुए अधिकारियों को तलब किया गया है।

### 28 अप्रैल को कोर्ट में होगी पेशी

उच्च न्यायालय जबलपुर ने आदेश दिया है कि हर्षल पंचोली, सरिता नायक, संभागीय उपायुक्त आदिवासी विकास शहडोल और प्रमिला पांडे 28 अप्रैल 2026 को सुबह 10 30 बजे कोर्ट रूम नंबर 13 में उपस्थित हों। इस सुनवाई से पूरे प्रशासनिक महकमे में हलचल मच गई है। यह मामला सिर्फ एक कर्मचारी के भुगतान का नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही की बड़ी परीक्षा बन चुका है। अब सबकी नजरें कोर्ट की अगली कार्यवाही पर टिकी हैं, जो आने वाले समय में एक मिसाल बन सकती है।

भक्त श्रद्धालुओं द्वारा पवित्र नर्मदा नदी में स्नान दर्शन पूजन अर्चन

# मोहिनी एकादशी पर अमरकंटक में श्रद्धा भक्ति की अविरल धारा



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्यप्रदेश की प्रमुख धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पुण्यभूमि पवित्र नगरी अमरकंटक में वैशाख मास, शुक्ल पक्ष की पावन मोहिनी एकादशी, दिन सोमवार, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र, शुभ भद्रा स्थिति, चंद्रमा की अनुकूल स्थिति, विक्रम संवत 2083, सूर्य के उत्तरायण तथा बसंत से ग्रीष्म ऋतु के संक्रमण काल के पावन अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और सनातन परंपरा का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही मां नर्मदा उद्गम स्थल, प्राचीन मंदिरों एवं विभिन्न देवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

### धार्मिक मान्यता के अनुसार पूजन-अर्चन

विशेष रूप से नर्मदा उद्गम मंदिर, श्री ज्वालेश्वर महादेव, प्राचीन कलचुरी मंदिर समूह, कपिलधारा क्षेत्र तथा अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भक्तों की विशेष भीड़ देखी गई। महिलाओं ने निर्जला एवं फलाहार व्रत रखकर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान मंगल और अखंड सौभाग्य की कामना की। अनेक श्रद्धालुओं ने अन्नदान, जलदान, वस्त्रदान तथा गौसेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### शुभ ज्योतिषीय संयोग में हुआ विशेष पूजन-अर्चन

पं. मुकेश पाठक ने बताया कि सूर्य के उत्तरायण काल में वैशाख शुक्ल एकादशी का विशेष महत्व होता है। पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र, शुभ भद्रा एवं चंद्रमा की अनुकूल स्थिति में किया गया व्रत, दान और भगवान विष्णु का स्मरण अनेक गुना फलदायी माना जाता है। यह तिथि केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, संयम, सदाचार और भक्ति का दिव्य संदेश भी प्रदान करती है। पवित्र नगरी अमरकंटक में मोहिनी एकादशी के इस शुभ अवसर पर धर्म, अध्यात्म और सनातन संस्कृति की अद्भुत छटा दिखाई दी, जहां हर ओर श्रद्धा, भक्ति और पुण्य की अविरल धारा प्रवाहित होती रही।

# अमरकंटक विकास प्राधिकरण की कमान राजेंद्र भारती को, क्षेत्र में विकास की नई उम्मीदें जगीं

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।



प्रदेश की प्रमुख धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पर्यटन नगरी अमरकंटक में उस समय हर्ष और उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया, जब अमरकंटक विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र भारती की नियुक्ति की घोषणा हुई। इस महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर नगर के भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है। ज्ञातव्य है कि दिनांक 26 अप्रैल रविवार को प्रदेश की राजधानी भोपाल से निगम, मंडल एवं प्राधिकरणों में विभिन्न नियुक्तियों के आदेश जारी किए गए। इसी क्रम में अमरकंटक विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद पर श्री राजेंद्र भारती की नियुक्ति का आदेश प्रसारित हुआ। आदेश जारी होते ही अमरकंटक क्षेत्र में बधाइयों का सिलसिला प्रारंभ हो गया। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि राजेंद्र भारती के नेतृत्व में अमरकंटक का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व और अधिक सुदृढ़ होगा। साथ ही पर्यटन विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण तथा तीर्थ क्षेत्र की गरिमा के संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह नियुक्ति जनभावनाओं के अनुरूप है और इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

राजेंद्र भारती को बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में प्रमुख रूप से अमरकंटक विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष अंबिका तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष बबीता सिंह, नगर परिषद की पूर्व उपाध्यक्ष रामगोपाल द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री अंजना कटारे, प्राधिकरण के पूर्व सदस्य भानु प्रसाद सेन, ओमप्रकाश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष पार्षद रोशन पनारिया, पूर्व अध्यक्ष प्रभा पनारिया, राहुल पांडेय (पूर्व जिला उपाध्यक्ष), पार्षदगण सावित्री सिंह, पवन तिवारी, दिनेश द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश द्विवेदी, विकी रूपेश द्विवेदी, सोनू जैन, सूरज साहू सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि शामिल रहे। यह नियुक्ति न केवल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है, बल्कि अमरकंटक के समग्र विकास की दिशा में एक नई संभावनाओं का द्वार भी खोलती प्रतीत हो रही है।

# विवाह के दौरान वर वधु को उपहार में दिए आम के पौधे



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** वर्तमान दौर में पूरा विश्व पर्यावरण की समस्या से जुझ रहा है। विश्व भर में पर्यावरण को बचाने के लिए गहन मंथन किया जा रहा है। भारत में यह समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। पर्यावरण के दूषित होने के कारण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है तथा मानव स्वास्थ्य पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है इसके बढ़ने के मुख्य कारण पेड़ो की अंधाधुंध कटाई है जिसको गंभीरता से लेते हुए म. प्र पोल्ट्री प्रोड्यूसर कंपनी में कार्य कर रहे कोमल सिंह, जगदीश पाव, रोहित सिंह, राजबहोर रजक, अभिलेश पटेल, खेदन पाव साथ ही अन्य साथियों के द्वारा स्वेच्छा से विवाह के आयोजन में अन्य उपहार न देकर फलदार पौधे उपहार स्वरूप देने का फैसला लिया है जिससे हरियाली के साथ ही देश में बढ़ रही पर्यावरण असंतुलन को रोकने में मदद मिल सकेगी। यह उपहार योजना अपने आप में अदभुत व काबीले तारीफ है क्योंकि लोग शादी के आयोजन में लड़का या लड़की पक्ष वालों को महंगी व आकर्षक गिफ्ट जरूर देते हैं जो कभी कभी सिर्फ दिखावटी ही साबित होता है। लेकिन वे देश में कम हो रही हरियाली की कभी नहीं सोचते हैं, और न ही वृक्षारोपण पर ध्यान देते, लेकिन एम.पी.डब्ल्यू.पी.सी.एल कंपनी में कार्य कर रहे लोगों ने जो मिशाल पेश किया है वह वाकई सराहनीय है। इसी ताराम्तय में ग्राम भोलगढ के सोन टोला में तुलाराम बैगा के पुत्र मनोहर बैगा जिसका विवाह जी.पी.एम. छत्तीसगढ़ के उसाढ़ (पीपर डाड) सम्हारू बैगा की सुपुत्री दयावती बैगा के साथ 26 अप्रैल को संपन्न हुआ। जहां एम.पी.डब्ल्यू.पी.सी.एल.कंपनी के साथियों ने पहुंच कर नव वर वधु को उपहार स्वरूप आम के पौधे दिए। यह उपहार बैगा समाज के लिए गर्व का विषय है। वृक्ष मनुष्य के जीवन में अत्यंत आवश्यक है लेकिन उसका पालन पोषण करने वाला कोई नहीं है। और न ही लोगों को पौधा देने वाला है।इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमने स्वेच्छा से गरीब या अमीर के यहां शादी के आयोजन में नव युगल को फलदार पौधे देने तथा आजीवन उसके पालन पोषण का संकल्प लिया है। वर मनोहर बैगा व वधु दयावती बैगा ने भी उपहार स्वरूप मिले आम के पौधों को लेते हुए पौधों को पेड़ बनने तक उसकी सेवा करने का वचन दिया।

डिजिटल सेवा केंद्र खोलकर दुलारी यादव ने चुनी आत्मनिर्भरता की राह

# सही कार्यशैली और ईमानदारी से क्षेत्र में बनाई विश्वसनीय पहचान





**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और हकदर्शक आकांक्षा प्रोजेक्ट की टीम ने मुझे मेरे परिवार को अंधेरे से निकालकर आत्मनिर्भरता की रोशनी दी है अब मैं अपना केवल अपने परिवार का सहारा ही नही हूं बल्कि समाज की सेवा भी कर पा रही हूं यह कहना है सीआरपी सखी एवं डिजिटल सेवा प्रदाता आकांक्षा प्रोजेक्ट का लाभ लेकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर दुलारी यादव का जो जनपद अनूपपुर के ग्राम छोहरी की निवासी हैं ग्रहणी से डिजिटल सखी तक का सफर उन्होंने ऐसे ही नहीं तय किया बल्कि इसके लिए उन्होंने निष्ठा, समर्पण और अपना श्रम देकर अपनी पहचान स्थापित की है। आज से 1 साल पहले तक दुलारी यादव का जीवन घर की चार दिवारी तक सीमित था पति शिक्षित थे लेकिन दुलारी का स्वास्थ्य ठीक ना रहने के कारण वह बाहर काम पर नहीं जा पा रहे थे गांव में ही मजदूरी कर जैसे तैसे घर चलता था आर्थिक स्थिति इतनी चुनौती पूर्ण थी कि बच्चों की पढ़ाई और घर का खर्च चलाना एक बड़ा संघर्ष था। परिस्थिति जन्य स्थिति में उन्होंने बदलाव की राह चुनी दुलारी यादव को बंदनी स्व सहायता समूह से जुड़कर हकदर्शक और योजना सखी के बारे में जानकारी मिली 24 फरवरी को अनूपपुर के नजदीकी ग्राम फुनगा में हकदर्शक आकांक्षा प्रोजेक्ट के यशवेंद्र सिंह से मुलाकात ने उनके जीवन की दिशा बदल दी घर में सिर्फ एक मोबाइल होने के बावजूद उन्होंने डिजिटल उद्यमी बनने का साहस दिखाया।

अनूपपुर में आयोजित सीएफआइजी आकांक्षा प्रोजेक्ट के तहत डिजिटल ट्रेनिंग ली यशवेंद्र सर के मार्गदर्शन में उन्होंने फील्ड जाकर काम सीखा और जब भी जरूरत पड़ी गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेंनिंग के माध्यम से समस्याओं का तुरंत समाधान किया आज वे और उनके पति एक टीम की तरह गांव-गांव जाकर कैंप लगाते हैं। अब अपने डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से पैन कार्ड, ई-श्रम, आयुष्मान (आभा) संबल कार्ड, बैंक खाता खोलने और बिजली बिल जैसे काम कर रही हैं जिससे उन्हें आर्थिक मजबूती के साथ-साथ एनआरएलएम के सीआरपी सखी के रूप में 3 से 5 व आकांक्षा प्रोजेक्ट के माध्यम से 5 से 8 हजार मासिक की आमदनी हो रही है। आज उनके पास अपना लैपटॉप और प्रिंटर है हाल ही में उन्होंने एक नया मोबाइल भी खरीदा है जिसकी किस्त अपनी स्वयं की मेहनत की कमाई से दे रही है दुलारी यादव अब समाज का भरोसा और गांव के लोगों का मान है उनकी सही कार्यशैली और ईमानदारी ने उन्हें पूरे क्षेत्र में एक विश्वसनीय पहचान दिलाई है।

बिना अनुज्ञा के निर्माणाधीन भवनों पर नियमानुसार पेनाल्टी की करें कार्यवाही

# पेयजल व्यवस्था एवं प्रशिक्षित ऑपरेटरों की करें रियल टाइम मॉनिटरिंग-कलेक्टर

## कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था पूर्णतः सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल-जल योजनाओं के प्रशिक्षित ऑपरेटरों की अधिकारियों द्वारा रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को समय पर एवं आवश्यकता अनुसार पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल व्यवस्था के संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। कलेक्टर श्री पंचोली ने जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में भवन निर्माण कार्य को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नए भवनों का निर्माण केवल विधिवत भवन अनुज्ञा प्राप्त करने के बाद ही कराया जाए। साथ ही, शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं स्वीकृत नक्शे के अनुरूप ही अनुज्ञा प्रदान की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बिना अनुमति निर्माण कार्य कराने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही करते हुए पेनाल्टी लगाना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में कलेक्टर श्री पंचोली ने जिले के सभी चिन्हित शासकीय जर्जर भवनों को मानसून से पूर्व अभियान चलाकर डिस्मेंटल (ध्वस्तीकरण) करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने जर्जर भवनों के डिस्मेंटल हेतु कार्यपालन यंत्री, पीआईयू से समन्वय स्थापित कर आवश्यक अनुमति प्राप्त करें और प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से सर्व शिक्षा अभियान, शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को इस दिशा में गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री पंचोली ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में जल संरक्षण एवं स्वच्छता से जुड़े सभी कार्यों का प्रभावी एवं परिणाममुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय पेयजल टंकियों की नियमित साफ-सफाई की जाए तथा स्वच्छता साथियों के सहयोग से कुएं, नदियों, तालाबों एवं बांधों सहित समस्त जल स्त्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखा जाए। उन्होंने पोषण वाटिकाओं एवं सक्षम आंगनबाड़ियों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, सिंचाई क्षेत्र के विस्तार, जल संग्रहण संरचनाओं के जीर्णोद्धार, वर्षा जल संचयन को प्रोत्साहित करने एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ स्थापना जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही इन गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग एवं प्रगति की सतत समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जनहितैषी पहल है, जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु सभी संबंधित अधिकारी समन्वय, प्रतिबद्धता एवं गंभीरता के साथ कार्य करें, ताकि जिले में जल संरक्षण, संवर्धन एवं स्वच्छता के स्थायी परिणाम प्राप्त हो सकें।

बैठक में कलेक्टर श्री पंचोली ने एमपी ई-सेवा ऐप के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश देते हुए कहा कि इसके बैनर एवं पोस्टर लोक सेवा केंद्रों, जनपद पंचायत कार्यालयों तथा तहसील कार्यालयों में अनिवार्य रूप से लगाए जांए, ताकि आम नागरिकों को इस ऐप के संबंध में समुचित जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि एमपी ई-सेवा ऐप के माध्यम से विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ नागरिकों तक पारदर्शिता एवं सुगमता के साथ पहुंचाया जा सकता है। अतः संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अधिक से अधिक लोग इस ऐप से जुड़ें और उपलब्ध सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें। बैठक में कलेक्टर श्री पंचोली ने खाद्य, सहकारिता, खनिज, स्वास्थ्य, मत्स्य, श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा कृषि उपज मंडी विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागवार प्रगति, लंबित प्रकरणों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का अवलोकन करते हुए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग शासन की योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखें। उन्होंने यह भी कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किए जांए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के.के.सोनी सहित जिले के विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला सत्र न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान को मातृशोक

नम आंखों के साथ दी गयी विनम्र श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। धनपुरी (शहडोल) निवासी इंदौर जिले में पदस्थ जिला न्यायाधीश हिदायतउल्ला खान की माता श्रीमती जुम्मी बी (83 वर्ष) का दुखद निधन हो गया। इसकी खबर फैलते ही लोगों मे शोक है। खान अनूपपुर, सतना, छिंदवाड़ा, डिण्डोरी, रायसेन सहित अन्य स्थानों पर पदस्थ रहे हैं। आपके परिवार मे हिदायतउल्ला खान के साथ रिजवाना कौसर (बहु), नजमा बेगम (पुत्री), खालिदा तनवीर (नातिन) भी न्यायाधीश हैं। आपके भाई मोहम्मद मुस्तकीम शिक्षक और शेख अब्दुल्ला एडवोकेट हैं। उनकी माता का अंतिम संस्कार सोमवार की रात्रि 9 बजे धनपुरी स्थित कब्रिस्तान मे किया जाएगा। परिवार के शुभचिंतकों, मित्रों ने माता के निधन पर शोक प्रकट करते हुए पुण्यात्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिये प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## शासकीय आईटीआई में विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार 27 अप्रैल को शासकीय आईटीआई अनूपपुर में छात्र-छात्राओं कों नालसा (नशा पीड़तिों को विधिक सेवाएं) योजना विधिक सहायता एवं सलाह तथा मध्यस्थता योजना, मानव तस्करी बाल-विवाह निषेध, बाल श्रम, यातायात नियम एवं पॉक्सों एक्ट के संबंध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, उक्त शिविर में मनोज कुमार लढ़यिा प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय द्वारा विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बालकों के प्रति लैगिंक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के संबंध में उदाहरणों द्वारा विस्तार से समझाया। रावेन्द्र कुमार सोनी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विद्यार्थियों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 में वर्णित विधिक सहायता, विधिक सलाह, लोक अदालत इत्यादि की जानकारी दी। बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा बाल-विवाह निशेष अधिनियम, मध्यस्थता आदि की जानकारी दी तथा 09 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक निराकृत लोक अदालत का लाभ लेने हेतु आम जन को प्रेरित करने की सलाह दी। उक्त कार्यक्रमों में मोहन परस्ते प्रचार्य, श्रीमती सुभद्रा बैगा ट्रेनिग ऑफिसर, कुमारी सविता बैंगा प्रशिक्षण आफिसर, बृजेन्द्र कुमार चौधरी प्रशिक्षण अधिकारी, अशोक कुमार प्रशिक्षण अधिकारी, अनिल कुमार साहू प्रशिक्षण अधिकारी आदि उपस्थित रहे।